राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

स्वतंत्र प्रभात

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें.....
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, शनिवार, 18 अप्रैल 2026
वर्ष 14, अंक 357, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

आर एस कान्वेंट स्कूल का टापर बना कन्हैया लाल ..03

स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिलना चाहिए : सीएमओ..04

सबरीमाला विवादः आस्था बनाम संविधान...सुप्रीम कोर्ट में तीखी बहस, अंतरात्मा की स्वतंत्रता पर उठे अहम सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के सामने शुक्रवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े हाई-प्रोफाइल मामले की सुनवाई के दौरान, आस्था, परंपरा और संवैधानिक अधिकारों के बीच संतुलन को लेकर बहस हुई. दरअसल, केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 5वें दिन की सुनवाई जारी रही. इस दौरान विभिन्न पक्षों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकीलों ने अपने-अपने तर्क पेश किए, और इस मुद्दे के सामाजिक और कानूनी पहलुओं को सामने रखा. इससे पहले 9 जजों की बेंच ने 15 अप्रैल की सुनवाई में कहा था कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है. साथ ही यह भी कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता. पांचवे दिन आत्मार्थम ट्रस्ट की ओर से पेश होते हुए, वकील एम.आर. वेंकटेश ने 'संप्रदाय' शब्द की व्याख्या को चुनौती दी. उन्होंने तर्क दिया कि यह शब्द विदेशी मूल का है और भारतीय संदर्भ में इसकी अपनी सीमाएं हैं. उन्होंने दलील दी कि गैर-सांप्रदायिक मंदिरों के अधिकारों को भी समान सुरक्षा दी जानी चाहिए. वेंकटेश ने आगे कहा कि कई महिलाएं स्वेच्छा से मासिक धर्म के दौरान मंदिरों में प्रवेश करने से बचती हैं. इस प्रथा को परंपरा और व्यक्तिगत आस्था के दायरे में समझा जाना

चाहिए।

सभी धर्मों के अधिकारों को ध्यान में रखे सुप्रीम कोर्ट

इसके विपरीत, वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने कोर्ट के सामने एक व्यापक संवैधानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि कोर्ट को एक संतुलित फैसला देना चाहिए जो सभी धर्मों के अधिकारों को ध्यान में रखे. धवन ने यह भी कहा कि आस्था समय के साथ विकसित होती है, और ऐसा विकास केवल कानूनी उपायों से नहीं लाया जा सकता. उनके अनुसार, असहमति और विभाजन से भरे समाज में, कोर्ट को एक सामंजस्यपूर्ण व्याख्या अपनानी चाहिए।

संविधान में निहित कुछ अधिकार धार्मिक प्रथाओं से ऊपर

धवन ने आगे स्पष्ट किया कि किसी भी धर्म पर सम्मानपूर्वक सवाल उठाना एक लोकतांत्रिक व्यवस्था का अभिन्न अंग है; हालांकि, हेट स्पीच को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता. उन्होंने यह भी तर्क दिया कि संविधान में निहित कुछ अधिकार धार्मिक प्रथाओं से ऊपर हैं, और इसलिए उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए. राजीव धवन ने वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंहवी के इस तर्क से असहमति जताई कि सबरीमाला के अलावा भगवान अयप्पा के अन्य मंदिर भी हैं जहां मासिक धर्म वाली महिलाएं जा सकती हैं.उन्होंने इस तर्क से असहमति जताई. न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा कि आस्था से जुड़े मामलों पर फैसला सुनाते समय, एक संवैधानिक संस्था को व्यक्तिगत धार्मिक विश्वासों से ऊपर उठकर एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए. 'अंतरात्मा की स्वतंत्रता' के दायरे पर सवाल उठाते हुए, उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को फैसला सुनाते समय अपनी व्यक्तिगत धार्मिक चेतना से ऊपर उठना चाहिए और व्यापक संवैधानिक ढांचे द्वारा निर्देशित होना चाहिए।

संविधान की व्याख्या केवल धर्म तक ही सीमित नहीं

पीठ ने यह भी संकेत दिया कि संविधान की व्याख्या केवल धर्म तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे अंतरात्मा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के व्यापक दायरे में भी किया जाना चाहिए. अदालत की इन टिप्पणियों ने इस बहस को और भी अधिक गहराई प्रदान की है कि क्या धार्मिक परंपराएँ संवैधानिक मूल्यों पर वरीयता पा सकती हैं. अब मामले की अगली सुनवाई के दौरान, इस जटिल प्रश्न पर संभवतः और भी विस्तार से चर्चा की जाएगी. एक ऐसी प्रक्रिया जो देश में धर्म और अधिकारों के बीच संतुलन के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

HC ने 1991 में लगाई थी रोक, SC ने 2018 में हटाया

वहीं मंदिर प्रशासन त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (TDB) ने कहा कि सबरीमाला कोई खिलौने की दुकान या रेस्टोरेंट का मामला नहीं है. यहां के देवता ब्रह्मचारी हैं. भारत में अयप्पा के लगभग 1,000 मंदिर हैं. अगर महिलाओं को दर्शन करना है, तो वहां जाएं. उन्हें इसी खास मंदिर में क्यों आना है. केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी. सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया. फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गई, जिसपर अब सुनवाई हो रही है. मंदिर प्रशासन महिला।

TCS धर्मांतरण केसः फरार निदा खान कहां है? अग्रिम जमानत याचिका दाखिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

महाराष्ट्र के नासिक में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में जबरदस्ती धर्म परिवर्तन और यौन उत्पीड़न के खुलासे के बाद कंपनी प्रबंधन ने बड़ा एक्शन लिया है. अब तक इस केस में सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. वहीं,फरार आरोपी निदा खान ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत (Anticipatory Bail) का सहारा लिया है. यह आवेदन नासिक जिला एवं सत्र न्यायालय में दाखिल किया गया है. पुलिस के अनुसार, इस पूरे मामले में निदा खान इकलौती महिला आरोपी हैं, जो अभी तक गिरफ्तारी से बची हुई है. वहीं, इस मामले से जुड़े अब तक कुल नौ मामले दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें छह पुरुष आरोपियों की भूमिका सामने आई है. सूत्रों का कहना है कि निदा खान ब्रूस्ट्स में काम के दौरान अन्य संदिग्धों के संपर्क में आई थी और उसे इस कथित नेटवर्क की एक अहम कड़ी माना जा रहा है. उसकी गिरफ्तारी से इस पूरे मामले की कई परतें खुलने की संभावना जताई जा रही है।

निदा खान की तलाश में जुटी एसआईटी

जांच एजेंसियों की ओर से गठित SIT लगातार निदा खान की तलाश में जुटी हुई है. पुलिस ने नासिक और ठाणे जिले

के कई इलाकों में छापेमारी भी की है, लेकिन उनका अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है. बताया जा रहा है कि उसका मोबाइल फोन लगातार बंद या नेटवर्क से बाहर है, जिससे उनकी लोकेशन ट्रेस करना मुश्किल हो गया है. पुलिस को आशंका है कि वह अंडरग्राउंड हो चुकी है. इसी बीच, एक और महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है कि निदा खान गर्भवती है. उसने इसी आधार पर अदालत से अग्रिम जमानत देने की मांग की है. अब अदालत की सुनवाई में यह देखना अहम होगा कि क्या इस आधार पर उन्हें राहत मिलती है या पुलिस को उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने की अनुमति दी जाती है।

इस मामले में पहले ही दो आरोपियों रजा रफीक मेमन (35) और शफी बिखान शेख (36) को अदालत ने 18 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है. अब तक इस केस में सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें छह पुरुष और एक महिला कर्मचारी शामिल हैं।

2021 में टीसीएस जॉइन किया

निदा खान ने 27 दिसंबर 2021 में टीसीएस जॉइन किया था. वर्तमान में वह प्रोसेस एसोसिएट के पद पर कार्यरत है. प्रबंधन ने निदा खान को सस्पेंड कर दिया है. कंपनी की ओर से जारी एक पत्र में लिखा गया है कि आपके खिलाफ एक गंभीर मामला आया है, जिसके संबंध में आप इस समय पुलिस हिरासत में हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए आप वर्तमान में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में असमर्थ हैं. कंपनी आपको अस्थायी रूप से निलंबित कर रही है।

सस्पेंशन लेटर मे आगे लिखा कि आपको निर्देश दिया जाता है कि आपके पास यदि कंपनी की कोई संपत्ति है तो उसे तुरंत कंपनी को सौंपने की व्यवस्था करें. साथ ही, अगले निर्देश मिलने तक आपको किसी भी कंपनी कार्यालय में रिपोर्ट करने या घर से काम करने की अनुमति नहीं होगी।

संक्षिप्त ख़बरें

मायावती का बड़ा हमला- सपा-कांग्रेस को घेरा... पिछड़ों के हक पर गिरगिट की तरह रंग बदल रहे दल, आरक्षण के नाम पर सिर्फ छलावा!

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल एससी, एसटी और ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों के मुद्दे पर लगातार अपना रुख बदलते रहे हैं और अब महिला आरक्षण के नाम पर भी राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। मायावती ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में इन वर्गों के आरक्षण को पूरी तरह लागू करने की दिशा में कभी ठोस पहल नहीं की।

OBC आरक्षण के संदर्भ में मंडल आयोग की सिफारिशों का जिक्र

मिली जानकारी के मुताबिक, उन्होंने ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में मंडल आयोग की सिफारिशों का जिक्र करते हुए कहा कि इसे लागू कराने का श्रेय बसपा के प्रयासों और पूर्व प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह की सरकार को जाता है। सपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछड़े मुस्लिमों को ओबीसी का लाभ देने संबंधी आयोग की रिपोर्ट को सपा सरकार ने लंबे समय तक लागू नहीं किया, जबकि बसपा सरकार ने 1995 में इसे लागू किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अब वही सपा राजनीतिक स्वार्थ के तहत महिलाओं के लिए अलग आरक्षण की बात कर रही है।

परिसीमन 2011 की जनगणना के आधार पर होना चाहिए: मायावती

महिला आरक्षण पर मायावती ने कहा कि परिसीमन 2011 की जनगणना के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में होती, तो वह भी भाजपा की तरह ही कदम उठाती। अपने बयान में उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि देश में एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम समाज के वास्तविक हितों को लेकर कोई भी पार्टी पूरी तरह गंभीर नहीं रही है। उन्होंने इन वर्गों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं और अपने हितों को ध्यान में रखते हुए आत्मनिर्भर बनें।

जन्मोत्सव पर कल निकलेगी भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा

●अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर विप्र समाज में उत्साह, तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे आयोजक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कोंच(जालौन)- अक्षय तृतीया के पर्व पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर विप्र समाज में उत्साह है। ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में 19 अप्रैल रविवार को भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए महासभा के महामंत्री रंजन गोस्वामी ने बताया कि शोभायात्रा सुबह 8 बजे रामकुंड कॉलोनी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए ब्राह्मण महासभा परिसर बजरिया पहुंचेगी जहां हवन पूजन एवं भंडारा प्रसाद वितरण के साथ शोभा यात्रा का समापन किया जाएगा।

ब्राह्मण महासभा परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए ब्राह्मण महासभा के महामंत्री ने बताया कि शोभायात्रा का मार्ग रामकुंड कॉलोनी से शुरू होकर गल्ला मंडी गेट नंबर 2, मारकंडेयश्वर तिराहा, एसआरपी इंटर कॉलेज, रेलवे क्रासिंग, सागर चौकी, चंदकुआं चौराहा, स्टेट बैंक तिराहा, अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कॉलेज, बजरिया पावर हाउस, बजरिया वाट स्कूल होते हुए ब्राह्मण महासभा परिसर तक निर्धारित किया गया है। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर जलपान की विशेष व्यवस्था की जाएगी। भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत भी किया जाएगा। शोभायात्रा में बैंड बाजों के साथ, सजे-धजे घोड़े, महापुरुषों के स्वरूप और भगवान परशुराम की सुसज्जित प्रतिमा रथ पर विराजमान होकर शोभायात्रा का आकर्षण बढ़ाएंगे। शोभायात्रा के समापन के बाद महासभा परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान परशुराम का अभिषेक किया जाएगा। इसके उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विप्र समाज के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। प्रेस वार्ता के दौरान राघवेंद्र तिवारी, भास्कर दुवे, गौरव तिवारी, जयप्रकाश रावत, राजू थापक आदि उपस्थित रहे।

पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं, अग्रिम जमानत बढ़ाने की मांग से इनकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी को लेकर किए गए प्रेस कॉन्फ्रेंस के मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं है. कोर्ट ने खेड़ा की ट्रांजिट जमानत बढ़ाने की मांग से किया इनकार.आज सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई की. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का विरोध किया. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि असम की अदालत में याचिका दायर किया जाता है तो सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए पिछले आदेश और तेलंगाना हाई कोर्ट की टिप्पणी से प्रभावित नहीं होगा. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पवन खेड़ा की ओर से दायर की गई याचिका का विरोध किया. खेड़ा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि मामले में एक्स पार्टी ऑर्डर पास किया गया है. उन्होंने कहा कि पवन खेड़ा को मिली ट्रांजिट बेल की अवधि खत्म हो रही है. उन्होंने कहा इस देश में अनुच्छेद 21 है. उन्होंने कहा कि खेड़ा की आधार कार्ड सहित कई दस्तावेज है, जिसमें स्थायी पता हैदराबाद का है।

'तेलंगाना में दायर याचिका में तो पता नहीं लिखा'

तुषार मेहता ने कहा कि गलत बयान मत दीजिए. आपका मामला यह है कि हैदराबाद में आपकी संपत्ति है.सिंघवी ने कहा कि मैं उनका बयान पढ़ रहा हूं. सिंघवी आदेश पढ़ते हैं. सिंघवी ने कहा कि अटॉर्नी जनरल को संबंधित डॉक्यूमेंट सौंप दिया गया था. जस्टिस माहेश्वरी ने कहा कि लेकिन डॉक्यूमेंट की जालसाजी.. सिंघवी ने कहा कि प्रतिवादी संख्या 1 की पत्नी स्थायी रूप से हैदराबाद में रहती हैं. जस्टिस माहेश्वरी ने कहा कि जमानत याचिका पर आइए. सिंघवी ने कहा कि इसीलिए सही डॉक्यूमेंट अदालत में सौंपा गया था. न्यायाधीश ने उसे मान्यता दी और दर्ज किया. जस्टिस माहेश्वरी ने कहा कि तेलंगाना में दायर याचिका में तो पता तक नहीं लिखा था? मान लीजिए कि सुप्रीम कोर्ट 10 दिनों के लिए बंद है और याचिका दायर करनी है. सिंघवी ने कहा कि अधिनियम में पारगमन जमानत का प्रावधान है. जस्टिस माहेश्वरी ने कहा लेकिन आप जाली और मनगढ़ंत दस्तावेज दाखिल नहीं कर सकते।

'तेलंगाना याचिका जल्दबाजी में दायर की गई'

सिंघवी ने पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत को मंगलवार तक बढ़ाने की मांग की. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-तेलंगाना में क्यों? असम में क्यों नहीं? सिंघवी ने जवाब दिया

कि मैं मंगलवार तक अग्रिम जमानत चाहता हूं. ताकि, मैं असम में याचिका दायर कर सकूं. तेलंगाना याचिका जल्दबाजी में दायर की गई थी. बहस के दौरान इस ओर ध्यान दिलाया गया और सही डॉक्यूमेंट दाखिल किया गया. उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी तेलंगाना में विधायक पद की उम्मीदवार हैं. उनका हलफनामा भी उसी दिन दाखिल किया गया था. इस बात पर ध्यान नहीं दिया गया. निज़ामुद्दीन में 100 पुलिसकर्मी भेजे गए हैं. इस देश में अनुच्छेद 21 लागू है. वह आपको यह नहीं बताता कि सही डॉक्यूमेंट दाखिल किया गया है. यह सब पक्षपात है. सिंघवी ने कहा कि आज शुक्रवार है. मैं सोमवार को असम में फाइल कर रहा हूं. क्या आप लोग मंगलवार तक मेरा संरक्षण नहीं कर सकते? क्या मैं कोई शातिर अपराधी हूं? आप लोगों को गुमराह किया गया है. मुझसे एक छोटी सी गलती हुई है, मैंने गलत दस्तावेज दाखिल कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आप इसे छोटी सी गलती कैसे कह सकते हैं? सिंघवी ने कहा कि उसी दिन, उसी सुनवाई में हमने सही डॉक्यूमेंट दाखिल किया था।

'असम में करें याचिका दाखिल'

सिंघवी ने कहा कि हमने याचिका में हुई गड़बड़ी के लिए माफी मांगते हुए सही दस्तावेज दाखिल किए थे. यह बात आपको बता देनी चाहिए थी, अदालत में गलती बताई गई थी. उन्होंने कहा कि जालसाजी करने के लिए आपराधिक इरादे की आवश्यकता होती है. मैं मंगलवार तक ट्रांजिट जमानत जारी रखने के लिए सुरक्षा का अनुरोध कर रहा हूं, जो आज समाप्त हो रही है. सिर्फ इसलिए कि मैंने मुख्यमंत्री को नाराज किया है, इसका मतलब यह नहीं है कि सौ लोगों को निजामुद्दीन भेज दिया जाए. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप असम में याचिका दाखिल करें. अदालत उस पर सुनवाई करेगी. सिंघवी ने कहा कि मैं सोमवार को दाखिल कर रहा हूं. सिंघवी ने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा. मुझे आज या कल दाखिल करने की अनुमति दें अदालत बंद है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 15 अप्रैल का आदेश पारित हुआ था. आपने यह अर्जी कल दाखिल किया था. आपने इसे हाईकोर्ट में क्यों नहीं दाखिल किया? आप आज ही दाखिल करें. इस पर सुनवाई होगी।

KDA की एयरो सिटी योजना से पहले बिल्डरों का खेल, चकेरी में धड़ल्ले से बेचे जा रहे अवैध प्लॉट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। केडीए पिछले पांच साल से चकेरी क्षेत्र में एयरो सिटी बसाने की कवायद कर रहा है लेकिन अभी तक धरातल पर योजना नहीं ला पाया है। वहीं एयरपोर्ट चकेरी का 100 एकड़ पर विस्तार करने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर जमीन अधिग्रहण की कवायद हो रही है। बिल्डर एयरो सिटी और एयरपोर्ट चकेरी को देखाकर मवइया में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग करके बिक्री कर रहे है। न्यू कानपुर सिटी योजना जैसी स्थिति यहां पर भी नहीं हो जाए। योजना आने से पहले ही बिल्डरों ने प्लाटिंग करके केडीए की योजना दिखाकर जमीन बेच दी। बाद में खरीदार फंस गए। चकेरी में भी यहीं खेल चल रहा है। एयरपोर्ट चकेरी अभी 50 एकड़ जमीन पर है। इसका विस्तार करके 100 एकड़ और जमीन अधिग्रहण की जा रही है। इसके लिए मवइया और शेखपुर में जमीन चिह्नित की गई है। साढ़े चार सौ करोड़ रुपये में योजना लाई जा रही है। वहीं केडीए चकेरी के पास 1257 एकड़ जमीन पर एयरो सिटी ला रहा है। एयरो सिटी एयरपोर्ट चकेरी के करीब होने के कारण इसको बिजनेस सिटी के रूप

में विकसित किया जा रहा है। इससे रोजगार और आय बढ़ेगी।

चार साल से योजना लाने की तैयारी

पिछले चार साल से योजना लाने की तैयारी चल रही है। एयरपोर्ट चकेरी के विस्तार और एयरो सिटी को देखते हुए बिल्डरों ने अभी से किसानों से सस्ते दामों पर जमीन खरीद कर बिना लेआउट के प्लाटिंग करके जमीन बेच रहे है। आठ हजार रुपये और 15 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से 50 से लेकर दो सौ वर्ग मीटर के भूखंड बेचे जा रहे है। एयरपोर्ट चकेरी का विस्तार और आने वाली एयरो सिटी दिखाकर बिल्डर तेजी से प्लांट बेच रहे है। कई जगह प्लाटिंग हो रही है। प्लांट बेचने के लिए इंटरनेट मीडिया का सहारा ले रहे है। इसी कड़ी में छतमरा चकेरी के पास आउटर रिंग रोड के आसपास बिल्डर अवैध प्लाटिंग करके भूखंड बेच रहे है।

भूखंड का नहीं करा रहे सत्यापन

अभी प्राधिकरण के अभियंताओं व सुपरवाइजरों को नहीं दिखाई दे रहा है। खरीदार भी केडीए के लगातार अपील के बाद भी भूखंड खरीदने से पहले सत्यापन नहीं करा रहे है। केडीए वर्ष 1996 से अभी तक सिंहपुर से मैनावती और सिंहपुर से कल्याणपुर के बीच में न्यू कानपुर सिटी योजना नहीं ला पाया है लेकिन बिल्डरों ने केडीए की योजना दिखाकर अवैध प्लाटिंग करके जमीन बेच दी है। अब केडीए जमीन अधिग्रहण करने गई तो खरीदार फंस गए। जमीन पर प्राधिकरण ने कब्जा लेना शुरू कर दिया है। वहीं कई निर्माण हो चुके है।

यहां पर अवैध प्लाटिंग

इसी कड़ी में बारासिरोही, टिकरा, नानकारी , नौबस्ता, करहीं, श्यामनगर समेत कई जगह बिल्डर अवैध प्लाटिंग करने में जुटे है। हालांकि केडीए ने भी अभियान शुरू कर दिया है। अभी तक 180 बीघा जमीन पर बनी अवैध प्लाटिंग गिराई जा चुकी है। उपाध्यक्ष ने आदेश दिए है कि किसी भी हाल में अवैध प्लाटिंग नहीं होने दी जाए। वहीं केडीए अभियंताओं व सुपरवाइजरों की मेहबानी से लोगों ने फुटपाथ तक को नहीं छोड़ा है। गुमटी गुरुद्वारे से 80 फीट रोड जाने वाले रास्ते में फुटपाथ में बीच में पिलर बनाकर रास्ता बंद कर दिया। क्षेत्रीय लोगों ने केडीए व नगर निगम में शिकायत भी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे ही 80 फीट रोड से भदौरिया चौराहा जवाहर नगर के बीच में कई मानक के विपरीत निर्माण हो रहे है। इसके अलावा जीटी रोड से लगे जवाहर नगर क्षेत्र में सड़क तक छजा बना लिया है। बारादेवी के पास सील इमारत होने के बाद भी निर्माण चल रहा है। ऐसे ही पांडुनगर, किदवईनगर समेत कई जगह हलफनामा देने के बाद भी बिल्डरों ने अवैध हिस्सा नहीं गिराया है। उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने बताया कि बिना लेआउट के हो रही प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जहां पर निर्माण हो रहे है वह भी गिराया जाएगा। अभियंता व सुपरवाइजरों की मिली भगत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

दो पक्षों में हुई लड़ाई झगड़े में दूसरी तरफ से भी दर्ज हुई एफआईआर

●कस्बे के रामकुंड कॉलोनी में दो पक्षों के बीच हुआ था विवाद, मारपीट के सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे वीडियो

एक दिन पहले एक पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दर्ज की गई थी रिपोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कोंच(जालौन)- दो दिन पहले कस्बे के रामकुंड कॉलोनी में हुई मारपीट की वारदात में अब पुलिस ने दूसरी तरफ से भी क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है। एक दिन पहले कोतवाली पुलिस ने एक पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ छेड़खानी, घर में घुसकर मारपीट और बलवा में रिपोर्ट दर्ज की थी। अब दूसरे पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद व 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ छेड़छाड़, घर में घुसकर मारपीट व बलवा की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। 15 अप्रैल की रात कस्बे के रामकुंड कॉलोनी में जरा से विवाद ने ऐसा तूल पकड़ा की मामला छेड़खानी और बलवा तक जा पहुंचा। मारपीट के कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। पुलिस ने दोनों तरफ से मिली तहरीरों के आधार पर क्रॉस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। एक पक्ष की ओर से दी गई तहरीर में एक महिला ने आरोप लगाया कि 15 अप्रैल की रात करीब आठ बजे पड़ोस में किराए पर रहने वाले अनु श्रीवास्तव अपने पुत्रों शुभम व ऋतिक उर्फ छोटू समेत करीब 15 लोगों के साथ उसके घर में घुस आए। उस समय वह घर पर अकेली थी। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज की, विरोध करने पर साड़ी खींचकर अभद्रता की। साथ ही बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भी पुलिस को तहरीर देकर अपने साथ घर के घुसकर मारपीट, छेड़खानी करने का भी आरोप लगाया गया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक व्यक्ति का शांतिभंग में चालान किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर लोकसभा में मंथन और राजनीति का नया दौर

लोकसभा में महिला आरक्षण कानून से जुड़े तीन महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक पेश होने के साथ ही देश की राजनीति एक नए चरण में प्रवेश करती दिखाई दे रही है। इन विधेयकों पर चर्चा के लिए सदन में लंबा समय तय किया गया है और सभी दलों के रुख से यह स्पष्ट हो गया है कि यह केवल एक कानून नहीं बल्कि सामाजिक और राजनीतिक संतुलन का बड़ा प्रश्न बन चुका है। चर्चा के लिए पहले मतदान हुआ जिसमें बहुमत ने इस विषय पर बहस को मंजूरी दी और अब सभी दल अपने अपने तर्कों के साथ मैदान में हैं।

यह पूरा घटनाक्रम उस पृष्ठभूमि में हो रहा है जब वर्ष 2023 में महिला आरक्षण कानून को संसद से मंजूरी मिली थी। उस समय इसे नारी सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया गया था लेकिन इसके लागू होने की समयसीमा जनगणना और परिसीमन से जुड़ी शर्तों के कारण आगे खिसकती नजर आ रही थी। अब सरकार ने संशोधन के जरिए इन प्रक्रियाओं को सरल बनाने और लागू करने की समयसीमा को आगे लाने की कोशिश की है ताकि वर्ष 2029 के आम चुनावों तक इसका प्रभाव दिखाई दे सके।

नए प्रस्ताव के अनुसार लोकसभा की कुल सीटों की संख्या को बढ़ाकर 850 करने की योजना है। वर्तमान में यह संख्या 543 है। इस विस्तार के साथ ही महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है जिससे लगभग 273 सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित होंगी। यह बदलाव केवल संख्या का नहीं बल्कि प्रतिनिधित्व के स्वरूप का भी संकेत देता है क्योंकि इससे संसद में महिलाओं की भागीदारी में बड़ा उछाल आ सकता है।

सरकार का तर्क है कि यह संशोधन सामाजिक न्याय और समान भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। उनका कहना है कि संविधान में संशोधन करने का अधिकार संसद को है और समय समय पर देश की जरूरतों के अनुसार ऐसे बदलाव जरूरी होते हैं। इस दृष्टिकोण के साथ सरकार यह भी स्पष्ट कर रही है कि परिसीमन की प्रक्रिया को नई जनगणना के बजाय 2011 के आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा जिससे देरी कम हो और कानून जल्दी लागू हो सके।

वहीं विपक्ष ने इस पूरे प्रस्ताव पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि महिला आरक्षण का वे समर्थन करते हैं लेकिन परिसीमन और सीटों की संख्या बढ़ाने के तरीके पर आपत्ति है। विपक्षी दलों का आरोप है कि इस प्रक्रिया के जरिए राज्यों के बीच संतुलन बिगाड़ने की कोशिश हो रही है और यह संघीय ढांचे के लिए चुनौती बन सकता है। कुछ नेताओं ने इसे समाज को वर्गों में बांटने की साजिश भी बताया है।

राजनीतिक बहस का एक और महत्वपूर्ण पहलू मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की मांग को लेकर सामने आया है। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि अगर महिलाओं को आरक्षण दिया जा रहा है तो उसमें सभी वर्गों की महिलाओं को समान रूप से शामिल किया जाना चाहिए। इसके जवाब में सरकार की ओर से यह कहा गया कि धर्म के आधार पर आरक्षण देना संविधान के खिलाफ है और यह संभव नहीं है। इस पर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस देखने को मिली।

इस पूरे विवाद में परिसीमन सबसे अहम मुद्दा बनकर उभरा है। परिसीमन का मतलब है चुनावी क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण ताकि जनसंख्या के अनुसार प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके। अभी तक सीटों का निर्धारण 1971 की जनगणना के आधार पर किया जा रहा था लेकिन अब इसमें बदलाव का प्रस्ताव है। नए प्रस्ताव के तहत संसद को यह अधिकार दिया जाएगा कि वह तय करे कि किस जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन किया जाए।

इस बदलाव का असर राज्यों पर अलग अलग तरीके से पड़ सकता है। अनुमान के अनुसार उत्तर प्रदेश बिहार और राजस्थान जैसे राज्यों को सीटों में बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा जबकि दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में सीटों का अनुपात घट सकता है। यही कारण है कि तमिलनाडु और अन्य राज्यों के नेताओं ने इसका विरोध किया है और इसे क्षेत्रीय असंतुलन की ओर कदम बताया है।

महिला आरक्षण के प्रभाव को समझने के लिए वर्तमान स्थिति पर नजर डालना जरूरी है। अभी लोकसभा में महिलाओं की संख्या बहुत कम है और कुल सदस्यों का लगभग चौदह प्रतिशत ही महिलाएं हैं। राज्यसभा में भी यह प्रतिशत बहुत ज्यादा नहीं है। वैश्विक स्तर पर देखें तो भारत इस मामले में काफी पीछे है और कई छोटे देश भी महिलाओं के प्रतिनिधित्व में आगे हैं। ऐसे में यह कानून भारत को इस दिशा में आगे ले जाने की क्षमता रखता है।

हालांकि इसके साथ कुछ व्यावहारिक चुनौतियां भी हैं। आरक्षित सीटों का रोटेशन हर चुनाव में होगा जिससे नेताओं को अपने क्षेत्र बदलने पड़ सकते हैं। इसके अलावा राजनीतिक दलों को भी अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा और अधिक संख्या में महिला उम्मीदवारों को तैयार करना होगा। यह बदलाव केवल कानून से नहीं बल्कि राजनीतिक संस्कृति में परिवर्तन से ही सफल हो सकता है।

संविधान संशोधन होने के कारण इस विधेयक को पारित करने के लिए विशेष बहुमत की आवश्यकता है। इसका मतलब है कि केवल साधारण बहुमत से काम नहीं चलेगा बल्कि उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों का दो तिहाई समर्थन जरूरी होगा। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार सरकार के पास बहुमत है लेकिन दो तिहाई समर्थन के लिए उसे अन्य दलों से भी सहयोग लेना पड़ सकता है। यही कारण है कि बैक चैनल बातचीत और राजनीतिक सहमति इस प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाएगी।

महिला आरक्षण का मुद्दा नया नहीं है बल्कि यह पिछले तीन दशकों से चर्चा में रहा है। कई बार इसे संसद में पेश किया गया लेकिन विभिन्न कारणों से यह पारित नहीं हो सका। वर्ष 2010 में इसे राज्यसभा से मंजूरी मिली थी लेकिन लोकसभा में पेश नहीं किया जा सका। अंततः वर्ष 2023 में इसे कानून का रूप मिला और अब संशोधन के जरिए इसे लागू करने की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है।

इस पूरे घटनाक्रम से यह स्पष्ट है कि महिला आरक्षण केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है। इसके जरिए महिलाओं को राजनीति में अधिक अवसर मिलेंगे और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ेगी। हालांकि इसके साथ जुड़े विवाद और चुनौतियां भी कम नहीं हैं और आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि संसद इस पर किस तरह सहमति बनाती है।

अंत में यह कहा जा सकता है कि यह विधेयक भारतीय लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा है। यह तय करेगा कि देश सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों को किस हद तक लागू करने के लिए तैयार है। अगर यह सफल होता है तो यह आने वाले वर्षों में राजनीति के स्वरूप को बदल सकता है और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो सकता है।

कांतिलाल मांडोत

मील का पत्थर साबित होगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम

नारी शक्ति वंदन अधिनियम आज लोकसभा के पटल पर चर्चा के लिए रख दिया गया है। यह भारत की महिलाओं के उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित होगा। देश की राजनीति और भविष्य निर्माण में महिलाओं की भूमिका हमेशा से उल्लेखनीय रही है। भारतीय संविधान सभा में कुल 15 महिला सदस्य थीं। इन महिलाओं ने संविधान के मसौदे को तैयार करने और देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। संविधान सभा के बाद महिलाओं ने संसद में भी एंट्री ली। भारतीय लोकतंत्र के सात दशकों के सफर में संसद की संरचना में कई बदलाव आए हैं, लेकिन अब एक बड़ा बदलाव अंतिम चरण में है। यदि महिलाएं सशक्त देती हैं और देश के शासन-प्रशासन में उनकी भागीदारी बढ़ती है, तो हमारे लोकतंत्र और समाज के लिए इससे बेहतर भला और क्या होगा। आधी आबादी को उनका हक मिलना सिर्फ न्याय नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति के लिए अनिवार्य है। लेकिन जब हम महिला आरक्षण से जुड़े हालिया घटनाक्रमों और इसके कानूनी पेचीदगियों को देखते हैं, तो साफ नजर आता है कि सरकार की मंशा इस मुद्दे पर पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। ऐसा लगता है कि इसे वास्तविक सशक्तिकरण के बजाय एक राजनीतिक हथियार के तौर पर अधिक इस्तेमाल किया जा रहा है। इस कानून की सबसे बड़ी और बुनियादी कमी इसका शर्तों में बंधा होना है। सरकार ने बिल तो पास कर दिया, लेकिन इसके साथ एक ऐसी शर्त जोड़ दी जिसने इसे फिलहाल एक भविष्य का वादा बनाकर खेड़ दिया है। कानून के मुताबिक, आरक्षण तभी लागू होगा जब नई जनगणना होगी और उसके आधार पर सीटों का नया चंटवारा यानी परिसीमन होगा।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा में महिलाओं को मिलने वाला 33 प्रतिशत आरक्षण केवल एक कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि उस असमानता को दूर करने का प्रयास है जो 1952 से लगातार चली आ रही है। लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी समय के साथ धीरे-धीरे बढ़ती रही है, हालांकि यह अब भी संतोषजनक स्तर तक नहीं पहुंची है। पहली लोकसभा में 22 महिलाएं चुनी गई थीं, जो कुल सदस्यों का 4.4 प्रतिशत थीं। इसके बाद 1957 की दूसरी लोकसभा में यह संख्या बढ़कर 27 (5.4 प्रतिशत) हो गई और 1962 की तीसरी लोकसभा में 34 महिलाएं (6.7 प्रतिशत) सदन तक पहुंचीं।

चौथी लोकसभा में यह संख्या थोड़ी घटकर 31 (5.9 प्रतिशत) रह गई, जबकि पांचवीं लोकसभा में केवल 22 महिलाएं (4.2 प्रतिशत) ही चुनी गई। इसके बाद छठी लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी और कम होकर 19 (3.4 प्रतिशत) रह गई, लेकिन सातवीं लोकसभा में यह फिर बढ़कर 28 (5.1 प्रतिशत) हो गई। आठवीं लोकसभा में महिलाओं की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई और 44 महिलाएं (8.11 प्रतिशत) चुनी गई। हालांकि नौवीं लोकसभा में यह संख्या फिर घटकर 28 (5.3 प्रतिशत) रह गई, जबकि दसवीं लोकसभा में 36 महिलाएं (7 प्रतिशत) सांसद बनीं। इसके बाद 11वीं लोकसभा में 40 महिलाएं (7.4 प्रतिशत) और 12वीं लोकसभा में 44 महिलाएं (8 प्रतिशत) चुनी गई। 13वीं लोकसभा में यह आंकड़ा बढ़कर 48 (8.8 प्रतिशत) हुआ, जबकि 14वीं लोकसभा में 45 महिलाएं (8.1 प्रतिशत) संसद पहुंचीं। 15वीं लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी पहली बार दो अंकों में पहुंची, जब 59 महिलाएं (10.9 प्रतिशत) सांसद बनीं। 16वीं लोकसभा में यह संख्या और बढ़कर 62 हो गई, जो कुल संख्याबल का लगभग 11 प्रतिशत है। वहीं, 2019 की 17वीं लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 78 रही जो कुल सांसदों का 14.3 प्रतिशत थी। वर्तमान 18वीं लोकसभा में मामूली बदलाव के साथ यह संख्या 74 पर है, जो पिछली बार से कम है। ' वर्तमान 18वीं लोकसभा में मामूली बदलाव के साथ यह संख्या 74 पर है, जो पिछली बार से कम है। कुल मिला कर यह वृद्धि सुखद तो है, लेकिन भारत की उस आधी आबादी की आकांक्षाओं के सामने नाकाफी है, जो देश के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने में बराबर की हिस्सेदार है। हालांकि, साल 2026 की जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन ने महिला आरक्षण की राह को और अधिक स्पष्ट कर दिया है। सरकार की नई योजना के अनुसार भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 850 की जा सकती है। इसमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, क्योंकि सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने जा रही है। कानून के आने से ऐसा पहली बार होगा जब भारतीय संसद में महिला सांसदों की संख्या एक साथ लगभग 200 की बढ़त दर्ज करेगी। महिला आरक्षण के लागू होने से केवल संख्या बल नहीं बदलेगा, बल्कि विधायी प्रक्रिया और नीति-निर्माण के मुद्दों में भी व्यापक बदलाव आने की उम्मीद है। शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर सदन के भीतर अब और अधिक प्रखर और संवेदनशील बहसें देखने को मिलेंगी।जानकारों का मानना है कि इस लंबी प्रक्रिया के कारण यह आरक्षण 2029 या शायद 2034 तक खिंच सकता है। सवाल यह उठता है कि अगर नीयत साफ थी, तो इसे तुरंत मौजूदा सीटों पर ही क्यों लागू नहीं किया गया? जनगणना और परिसीमन जैसी उलझी हुई प्रक्रियाओं के साथ जोड़कर सरकार ने इसे एक ऐसे रास्ते पर डाल दिया है, जिसकी मंजिल का फिलहाल कोई पता नहीं है। जैसे ही सरकार सीटों के नए बंटवारे की बात करती है, दक्षिण भारतीय राज्यों की चिंता बढ़ जाती है। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों ने पिछले कई सालों में जनसंख्या को काबू करने के लिए बहुत अच्छा काम किया है। अब तकनीकी दिक्कत यह है कि यदि सीटों का फैसला केवल आबादी के आधार पर होता है, तो उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों की लोकसभा सीटें बहुत ज्यादा बढ़ जाएंगी और दक्षिण का राजनीतिक बजन कम हो जाएगा। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो उत्तर भारत के कुछ राज्यों में सीटें अस्सी प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं, जबकि दक्षिण में यह बढ़ोतरी बहुत कम होगी। दक्षिण के राज्यों का कहना है कि उन्हें अच्छा काम करने की सजा दी जा रही है। सरकार ने इस क्षेत्रीय विवाद को सुलझाने का कोई पका रास्ता बताए बिना ही महिला आरक्षण को सीटों के बंटवारे से जोड़ दिया। इससे यह डर पैदा हो गया है कि महिलाओं को हक देने के नाम पर कहीं देश के अलग-अलग हिस्सों के बीच का तालमेल ही न बिगड़ जाए। इस बिल की एक और बड़ी व्यावहारिक चिंता प्रॉक्सी संस्कृति और रसूखदार राजनीतिक घरानों का कब्जा है।

मनोज कुमार अग्रवाल

जनसंख्या बनाम विकास: लोकसभा पुनर्गठन की असली चुनौती

[लोकसभा विस्तार: क्या यह सुधार है या संतुलन की नई परीक्षा?]

[लोकसभा विस्तार का द्वंद्व: प्रतिनिधित्व का न्याय या जनसंख्या का दबाव?]

भारत की संसदीय व्यवस्था इस समय एक अहम मोड़ पर खड़ी है, जहां लिया गया निर्णय आने वाले दशकों की राजनीति, नीतियों और प्रतिनिधित्व की दिशा तय करेगा। लोकसभा की सीटों को वर्तमान 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 (815 राज्य व 35 केंद्र शासित प्रदेशों के लिए) करने का प्रस्ताव केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के गणित और भूगोल–दोनों को बदलने वाला कदम है। सवाल सीधा है, पर इसका उत्तर जटिल–क्या इससे आम मतदाता की ताकत वास्तव में बढ़ेगी या बड़े राज्यों का राजनीतिक प्रभाव और गहरा होगा? यही वजह है कि यह बहस अब संसद तक सीमित नहीं रही, बल्कि देश के हर उस नागरिक तक पहुंच गई है, जो चाहता है कि उसका वोट सिर्फ गिना ही नहीं, बल्कि असर भी दिखाए। सरकार का तर्क सीधा और ठोस है कि बढ़ती आबादी के साथ प्रतिनिधित्व का दायरा बढ़ाना अब अनिवार्य हो चुका है। मौजूदा स्थिति में एक सांसद पर अत्यधिक जनसंख्या का बोझ है, जिससे स्थानीय समस्याएं अक्सर राष्ट्रीय बहस में दब जाती हैं। प्रस्तावित योजना के तहत सीटों को लगभग 50 प्रतिशत बढ़ाकर अधिकतम 850 करने से प्रत्येक सांसद कम लोगों का प्रतिनिधित्व करेगा, जिससे जनता और प्रतिनिधि के बीच दूरी घटेगी, संवाद सशक्त होगा और जवाबदेही बढ़ेगी। इससे नीतियों का क्रियान्वयन भी अधिक प्रभावी होने की उम्मीद है। साथ ही 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को लागू करने के लिए यह विस्तार एक ठोस आधार के रूप में देखा जा रहा है, जो राजनीति में लैंगिक संतुलन को मजबूत कर सकता है। इस प्रस्ताव का एक ऐसा पक्ष भी है, जो गहरी चिंता पैदा करता है और जिसे नजरअंदाज करना आसान नहीं है। दक्षिण भारत के राज्यों ने लंबे समय से जनसंख्या नियंत्रण, शिक्षा और स्वास्थ्य में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐसे में यदि परिसीमन केवल जनसंख्या के आधार पर हुआ, तो अधिक आबादी वाले राज्यों को ज्यादा सीटें मिलेंगी। इसका असर यह होगा कि दक्षिण के राज्यों का संसद में सापेक्षिक प्रभाव घट सकता है। यह स्थिति एक असंतुलन पैदा करती है, जहां विकास और बेहतर शासन का परिणाम राजनीतिक प्रतिनिधित्व में कमी बनकर सामने आता है। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि किसी राज्य की मौजूदा सीटें कम नहीं होंगी, फिर भी दक्षिण के राज्यों को अपने प्रभाव में कमी की आशंका है।

यदि इसे आम नागरिक की नजर से परखा जाए, तो इस बदलाव के भीतर कई ठोस संभावनाएं दिखाई देती हैं। सीटों में वृद्धि का मतलब है कि संसद में अधिक विविधता आएगी और अलग-अलग क्षेत्रों की समस्याएं पहले से ज्यादा प्रभावी ढंग से उठ सकेंगी। ग्रामीण इलाकों, छोटे शहरों और पिछड़े वर्गों को अपनी बात रखने के लिए व्यापक मंच मिलेगा। महिला आरक्षण के जरिए राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों को नई प्राथमिकता मिल सकती है। यह बदलाव उन वर्गों के लिए अवसर का द्वार खोल सकता है, जो अब तक निर्णय प्रक्रिया में सीमित दायरे में ही रह गए थे। असल चिंता यहीं से शुरू होती है–क्या केवल सीटों की संख्या बढ़ा देने से प्रतिनिधित्व वास्तव में सशक्त हो जाएगा? यह मान लेना एक सरलीकृत दृष्टि होगी। प्रतिनिधित्व सिर्फ आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि संतुलन और न्यायपूर्ण भागीदारी का भी प्रश्न है। जब किसी एक क्षेत्र का प्रभाव असामान्य रूप से बढ़ता है, तो नीति निर्माण का झुकाव भी उसी दिशा में होने लगता है। इसका सीधा असर संसाधनों के वितरण, बजट आवंटन और विकास योजनाओं पर पड़ सकता है, जिससे क्षेत्रीय असमानताएं और गहरी हो सकती हैं। दक्षिण के राज्यों की मुख्य चिंता यही है कि उनका आर्थिक योगदान और सामाजिक उपलब्धियां राजनीतिक फैसलों में अपेक्षित महत्व नहीं पा सकेंगी।

यहीं से एक रचनात्मक और संतुलित समाधान की मांग उभरती है, जहां विपक्ष और कई क्षेत्रीय दल इस प्रस्ताव को केवल संख्या नहीं, बल्कि व्यापक न्याय के दृष्टिकोण से देखने की बात करते हैं। उनका मानना है कि परिसीमन केवल जनसंख्या के आधार पर तय नहीं होना चाहिए, बल्कि इसमें विकास के ठोस मानकों को भी शामिल करना जरूरी है। साक्षरता, स्वास्थ्य सेवाएं, प्रति व्यक्ति आय और जनसंख्या नियंत्रण जैसे प्रयासों को प्रतिनिधित्व निर्धारण में उचित महत्व मिलना चाहिए। यह दृष्टिकोण इस बात को रेखांकित करता है कि लोकतंत्र केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि गुणवत्ता, जवाबदेही और संतुलित भागीदारी की एक मजबूत व्यवस्था भी है। निर्णायक दौर में नीतियों की असली कसौटी सामने आती है और यह विमर्श भी उसी पर खरा उतरने की मांग करता है, जहाँ स्थायी व न्यायपूर्ण समाधान संतुलन में निहित है। जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व लोकतंत्र का मूल सिद्धांत है, लेकिन संघीय ढांचे और राष्ट्रीय एकता के लिए क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है। यदि परिसीमन में दोनों को समान महत्व मिला, तो यह बदलाव लोकतंत्र को अधिक सुदृढ़ और समावेशी बना सकता है, अन्यथा असंतुलन बढ़ सकता है। उनका मानना है कि परिसीमन केवल जनसंख्या पर आधारित न होकर आर्थिक योगदान, साक्षरता, स्वास्थ्य, प्रति व्यक्ति आय और जनसंख्या नियंत्रण जैसे मानकों को भी महत्व दे, ताकि विकासशील राज्यों की प्रगति को उचित सम्मान मिल सके।

अब निर्णायक सवाल यह है कि अधिकतम 850 सीटों वाली लोकसभा देश को संतुलित प्रतिनिधित्व की ओर ले जाएगी या असंतुलन की ओर। यह प्रस्ताव न पूरी तरह लाभकारी है, न हानिकारक; इसका परिणाम इसके क्रियान्वयन पर निर्भर करेगा। यदि सभी राज्यों की चिंताओं को स्थान देकर प्रतिनिधित्व को संतुलित ढंग से पुनर्गठित किया गया, तो यह आम नागरिक के वोट को वास्तविक ताकत दे सकता है। लेकिन यदि यह केवल जनसंख्या के गणित तक सीमित रहा, तो बड़े राज्यों का वर्चस्व बढ़ने का खतरा रहेगा। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि हर नागरिक महसूस करे कि उसकी आवाज का समान महत्व है और उसका वोट केवल संख्या नहीं, बल्कि प्रभाव का प्रतीक है।

डोनाल्ड ट्रंप अनिश्चित और अप्रत्याशित राजनेता

अनिश्चित परिणामों से भरी ट्रंप के साथ वैश्विक देशों की कूटनीति।

डोनाल्ड ट्रंप का राजनीतिक करियर जितना प्रभावशाली रहा है, उतना ही विवादों और विरोधाभासों से घिरा हुआ भी रहा है, विशेषकर उनके कार्यकाल (2017-2021) के दौरान और वैश्विक तनावों के संदर्भ में उनके बयानों ने बार-बार यह संकेत दिया कि उनकी नीति और वक्तव्य अक्सर एक-दूसरे के विपरीत दिशा में चलते दिखाई देते हैं, ट्रंप ने सत्ता संभालते ही अमेरिका पहले की नीति को प्राथमिकता दी, जिसका अर्थ था कि अमेरिका अपने हितों को सर्वोपरि रखेगा, इसी नीति के तहत उन्होंने ईरान न्यूक्लियर डील से 2018 में अमेरिका को अलग कर लिया, जबकि यह समझौता ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नियंत्रित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण माना जाता था।इस फैसले के बाद अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया और ट्रंप ने एक ओर कहा कि वे युद्ध नहीं चाहते, वहीं दूसरी ओर उनके सैन्य फैसले इस दिशा में बढ़ते दिखे, यही विरोधाभास उनकी विदेश नीति की सबसे बड़ी पहचान बन गया, उत्तर कोरिया के संदर्भ में भी उनका रवैया इसी प्रकार का रहा, उन्होंने पहले किम जोंग-उन को लिटिल रॉकेट मैन बोल कर धमकाया, फिर अचानक शांति वार्ता शुरू कर दी और 2018 में सिंगापुर शिखर सम्मेलन में ऐतिहासिक मुलाकात की, हालांकि इस कूटनीतिक पहल से कोई ठोस परिणाम नहीं निकला, लेकिन उनके बयान लगातार बदलते रहे, कभी वे युद्ध की चेतावनी देते तो कभी दोस्ती की बात करते, इसी तरह चिंता साथ उनका व्यापार युद्ध भी उनके बयानों का केंद्र रहा, उन्होंने चीन पर अनुचित व्यापारिक प्रथाओं का आरोप लगाते हुए भारी टैरिफ लगाए, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई, वहीं दूसरी ओर वे कई बार शी जीन पिंग की प्रशंसा करते नजर आए, यह आदत उनकी नेतृत्व शैली का स्थायी तत्व बन गया, सिरियन सिविल वॉर के दौरान भी ट्रंप ने पहले अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने की घोषणा की, फिर अचानक सैन्य कार्रवाई का आदेश दिया, 2017 और 2018 में उन्होंने सीरिया पर मिसाइल हमले किए, जबकि उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में अमेरिका को अंतहीन युद्धों।से बाहर निकालने का वादा किया था। अफगानिस्तान में भी उन्होंने तालिबान के साथ वार्ता शुरू की, लेकिन कई बार अपने ही फैसलों से पीछे हटते दिखाई दिए, इन सबके बीच उनकी बयानबाजी ने वैश्विक मंच पर असमंजस की स्थिति पैदा की, ट्रंप के वक्तव्यों की एक विशेषता यह रही कि वे अक्सर सोशल मीडिया, विशेषकर ट्विटर के माध्यम से अचानक और बिना कूटनीतिक भाषा के अपनी बात रखते थे, जिससे कई बार अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तनाव और बढ़ जाता था, उदाहरण के तौर पर उन्होंने ईरान को फायर एंड फ्यूरी जैसी चेतावनी दी, वहीं कुछ ही समय बाद वार्ता की इच्छा भी जताई, यही तर्ज में रूस के संदर्भ में भी दिखाई दी, जहां उन्होंने पुतिन साथ अपने संबंधों को सकारात्मक बताया, लेकिन अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्टों में रूस को खतरा बताया गया, इस विरोधाभास ने अमेरिकी राजनीति में भी गहरी बहस को जन्म दिया, कुल मिलाकर ट्रंप का कार्यकाल यह दर्शाता है कि उनकी विदेश नीति और युद्ध से जुड़े बयान अक्सर रणनीतिक स्पष्टता के बजाय व्यक्तिगत शैली और तात्कालिक प्रतिक्रिया पर आधारित थे। एक ओर वे खुद को शांति का समर्थक बताते रहे और नोबेल शांति पुरस्कार पाने की इच्छा भी जताते रहे, वहीं दूसरी ओर उनके कई फैसलों ने वैश्विक तनाव को बढ़ाया, यही कारण है कि उनके आलोचक उन्हें अनिश्चित और अप्रत्याशित नेता मानते हैं, जबकि समर्थक इसे उनकी अलग सोच और निर्भीक नेतृत्व का प्रतीक बताते हैं, लेकिन यह निर्विवाद है कि उनके बयानों और निर्णयों ने विश्व राजनीति में एक नई तरह की अनिश्चितता और अस्थिरता को जन्म दिया, जो आज भी वैश्विक कूटनीति में महसूस की जाती है

संजीव ठाकुर

लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी का भविष्य

भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है, लेकिन प्रतिनिधित्व के स्तर पर यह लंबे समय तक आधा अधूरा रहा है क्योंकि जनसंख्या का लगभग आधा हिस्सा होने के बावजूद महिलाएं राजनीतिक संस्थाओं में पर्याप्त रूप से शामिल नहीं हो पाई हैं। इसी ऐतिहासिक असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से 2023 में पारित संविधान का 106वां संशोधन अधिनियम, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम कहा जाता है, एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सामने आया। यह अधिनियम लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए भी उप आरक्षण शामिल है। यह कानून लगभग 27 वर्षों से चल रही बहस और राजनीतिक प्रयासों का परिणाम है। 19 सितंबर 2023 को इसे लोकसभा में प्रस्तुत किया गया और 20 तथा 21 सितंबर को दोनों सदनों से पारित कर दिया गया। 28 सितंबर 2023 को राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद यह संविधान का हिस्सा बन गया। यह घटना न केवल विधायी दृष्टि से महत्वपूर्ण थी, बल्कि यह इस बात का संकेत भी थी कि भारतीय राजनीति अब महिलाओं की भागीदारी को एक संरचनात्मक आवश्यकता के रूप में स्वीकार कर रही है। हालांकि इस अधिनियम का उद्देश्य स्पष्ट है, लेकिन इसकी वास्तविकता को समझने के लिए वर्तमान स्थिति पर नजर डालना जरूरी है। आज लोकसभा की 543 सीटों में से केवल 74 सीटों पर महिलाएं हैं, जो लगभग 13.6 प्रतिशत है। यह संख्या 2019 के 78 से थोड़ी कम है। वहीं देशभर में कुल 4666 सांसदों और विधायकों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत के आसपास है। 2024 के लोकसभा चुनाव में कुल 8360 उम्मीदवारों में केवल 797 महिलाएं थीं, यानी लगभग 9.6 प्रतिशत, और लगभग 28 प्रतिशत सीटों पर कोई महिला प्रत्याशी ही नहीं था। यह आंकड़े इस बात को स्पष्ट करते हैं कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी अभी भी संरचनात्मक बाधाओं से घिरी हुई है। इसके विपरीत यदि पंचायती राज संस्थाओं को देखा जाए तो तस्वीर बिल्कुल अलग दिखाई देती है। यहां महिलाओं की भागीदारी लगभग 46.6 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और कई राज्यों में यह 50 प्रतिशत से भी अधिक है। उत्तराखंड लगभग 56 प्रतिशत के साथ अग्रणी है, जबकि आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ भी इस दिशा में उल्लेखनीय हैं। यह अनुभव इस बात का प्रमाण है कि जब आरक्षण को सही तरीके से लागू किया जाता है तो महिलाएं न केवल प्रतिनिधित्व प्राप्त करती हैं बल्कि प्रभावी नेतृत्व भी प्रस्तुत करती हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो 1957 में लोकसभा में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 5.46 प्रतिशत थी, जो धीरे धीरे बढ़कर 2024 में 13.6 प्रतिशत तक पहुंची है। यह वृद्धि महत्वपूर्ण जरूर है, लेकिन इसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। वैश्विक तुलना में भी भारत पीछे है। रवांडा में संसद में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 64 प्रतिशत है, क्यूबा में 53 प्रतिशत, निकारागुआ में 52 प्रतिशत और संयुक्त अरब अमीरात में 50 प्रतिशत। इस परिप्रेक्ष्य में भारत का आंकड़ा अपेक्षाकृत कम है, जो यह दर्शाता है कि केवल लोकतांत्रिक ढांचा पर्याप्त नहीं है, बल्कि समावेशी नीतियों की भी आवश्यकता होती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस कमी को दूर करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है, लेकिन इसके कार्यान्वयन से जुड़ी शर्तें इसे जटिल बना देती हैं। अधिनियम में जोड़ा गया अनुच्छेद 334 यह स्पष्ट करता है कि महिलाओं के लिए आरक्षण तब तक लागू नहीं होगा जब तक अगली जनगणना के आंकड़े प्रकाशित नहीं हो जाते और उसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। इसका अर्थ यह है कि कानून पारित होने के बावजूद इसका प्रभाव तुरंत नहीं दिखेगा। यही बिंदु इस अधिनियम की सबसे बड़ी आलोचना का कारण भी बना हुआ है। 2021 की जनगणना पहले ही टल चुकी है और अब यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि नई जनगणना 2026 के बाद होगी। इसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया भी समय लेगी, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि महिलाओं का आरक्षण 2029 या उससे भी बाद के चुनावों में लागू हो सकता है। इस देरी को कई विशेषज्ञ न्याय में विलंब के रूप में देखते हैं।

हालांकि सरकार और कुछ संवैधानिक विशेषज्ञों का तर्क है कि बिना अद्यतन जनसंख्या आंकड़ों के सीटों का पुनर्वितरण करना उचित नहीं होगा। संविधान के अनुसार परिसीमन एक आवश्यक प्रक्रिया है ताकि प्रतिनिधित्व समान और संतुलित रहे। यदि पुराने आंकड़ों के आधार पर आरक्षण लागू किया जाता है तो भविष्य में इसे न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। इस प्रकार यह बहस केवल राजनीतिक नहीं बल्कि संवैधानिक भी है। इस अधिनियम के साथ एक और महत्वपूर्ण मुद्दा जुड़ा हुआ है, वह है संघीय संतुलन। परिसीमन की प्रक्रिया जनसंख्या के आधार पर सीटों का पुनर्वितरण करती है, जिससे उत्तर और दक्षिण भारत के बीच प्रतिनिधित्व का अनुपात बदल सकता है। दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया है, इसलिए उन्हें यह आशंका है कि उनकी सीटें घट सकती हैं जबकि उत्तर भारत की सीटें बढ़ सकती हैं। यह स्थिति राजनीतिक तनाव को जन्म दे सकती है और संघीय ढांचे को चुनौती दे सकती है। सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से भी यह अधिनियम पूरी तरह निर्विवाद नहीं है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उप आरक्षण का प्रावधान है, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं की गई है। कई राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन इसे अधूरा कदम मानते हैं और OBC महिलाओं के लिए भी आरक्षण की मांग करते हैं। यह मुद्दा भविष्य में राजनीतिक बहस का केंद्र बन सकता है।

इसके अतिरिक्त यह अधिनियम केवल लोकसभा और राज्य विधानसभाओं तक सीमित है। राज्यसभा और विधान परिषद जैसे उच्च सदनों में महिलाओं के लिए कोई आरक्षण नहीं है। इससे यह प्रश्न उठता है कि क्या यह सुधार वास्तव में व्यापक है या केवल आंशिक। व्यावहारिक स्तर पर भी कई चुनौतियां मौजूद हैं। राजनीतिक दलों के भीतर महिलाओं को टिकट देने की प्रवृत्ति अभी भी सीमित है। चुनावी फंडिंग, संगठनात्मक समर्थन और नेतृत्व प्रशिक्षण जैसी व्यवस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी कम है। पंचायत स्तर पर देखे गए प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व के उदाहरण, जहां निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की जगह उनके परिजन निर्णय लेते हैं, यह भी एक संभावित खतरा है। फिर भी इस अधिनियम के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। यह भारतीय लोकतंत्र में एक संरचनात्मक परिवर्तन की दिशा में कदम है। पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया है कि अवसर मिलने पर महिलाएं प्रभावी नेतृत्व कर सकती हैं और नीति निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। यह अधिनियम उस अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने का प्रयास है। इस प्रकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐसा कानून है जो सिद्धांत रूप में अत्यंत प्रगतिशील है, लेकिन व्यवहार में कई जटिलताओं से घिरा हुआ है। यह महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, परंतु इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कितनी शीघ्रता और प्रभावशीलता के साथ लागू किया जाता है। यदि जनगणना और परिसीमन की प्रक्रियाओं को समय पर पूरा कर लिया जाता है और राजनीतिक इच्छाशक्ति बनी रहती है, तो यह अधिनियम भारत के लोकतंत्र को अधिक समावेशी और संतुलित बना सकता है। अन्यथा यह केवल एक अधूरी संभावना बनकर रह सकता है।

महेन्द्र तिवारी

स्वामी- स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ल द्वारा सुशीला स्टेडी बेल एकेडमी 117-मोहल्ला बिजय लक्ष्मी नगर परगना सौराचाद तहसील व जनपद सीतापुर से प्रकाशित तथा महावीर आफसेट 28, होनेट रोड लखनऊ से मुद्रित। सम्पादक रवि कुमार अवस्थी समाचार पत्र में तमे समस्त समाचार संवाददाताओं के अपने श्रोत एवं संकलन हैं, जिनसे सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। **नोट:** उपरोक्त सभी पद अवैतनिक एवं स्वयंसेवी हैं तथा समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादों का न्याय क्षेत्र सीतापुर होगा। R.NI NO. UPHIN/2012/43078 मो0 नं0-9511151254, E-Mail: news@swatantraprabhat.com

संक्षिप्त खबरें

रमुवापुर मुक्ति धाम में जलभराव से जल्द मिलेगी राहत

निरीक्षण के बाद ईओ ने दिया आश्वासन

महमूदाबाद-सीतापुर। वर्षो से जलभराव की समस्या से जूझ रहा रमुवापुर मुक्ति धाम का मामला अब समाधान की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। स्थानीय नागरिक अनुज जैन के आग्रह पर नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी पवन किशोर ने मौके पर पहुंचकर समस्या का निरीक्षण किया और हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अधिकारी ने आश्वासन दिया कि मुक्ति धाम स्थित तालाब के टेंडर की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। आगामी मई माह से तालाब का मुक्ति धाम का नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य शुरू कराया जाएगा, जिससे जलभराव की पुरानी समस्या से क्षेत्रवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि लंबे समय से लंबित यह समस्या अब स्थायी रूप से समाप्त हो सकेगी। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष कमलेश राजपूत, रामनिवास गुप्ता, बाबा गणेश शंकर,श्याम त्रिपाठी और नगरपालिका लिपिक रामनरेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

महमूदाबाद के सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल का हाईस्कूल परिणाम शत-प्रतिशत

स्वास्तिक शर्मा ने 95.4% के साथ किया टॉप

महमूदाबाद- सीतापुर गत 15 अप्रैल 2026 को घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल, महमूदाबाद का प्रदर्शन शानदार रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम लगभग शत-प्रतिशत रहा, जिसमें सभी 39 छात्र-छात्राएं सफल घोषित हुए। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस वर्ष 10 से अधिक विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय में स्वास्तिक शर्मा ने 95.4% अंक हासिल कर टॉप किया। विषयवार उच्चतम अंकों की बात करें तो सूचना प्रौद्योगिकी में 100 अंक, हिंदी में 95, अंग्रेजी में 91, सामाजिक विज्ञान में 97, विज्ञान में 95 तथा गणित में 91 अंक प्राप्त किए गए। विद्यालय की इस उपलब्धि पर अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, निदेशक आशीष कुमार गुप्ता तथा प्रधानाचार्य विजय कुमार दुबे ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी विद्यालय के छात्र अपनी प्रतिभा का परचम लहराते रहेंगे। विद्यालय प्रशासन ने इस सफलता का श्रेय अभिभावकों के सहयोग और विश्वास को देते हुए उनका भी आभार व्यक्त किया।

स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिलना चाहिए: सीएमओ

